121

**खिलाड़ियों की अन्य योग्यताएँ :-**

(अ) खिलाड़ी किसी भी जनजाति के हो सकते है; जाति प्रमाण पत्र अवश्य साथ लावें।

(आ) जिस खिलाड़ी ने किसी भी संस्था (कल्याण आश्रम के अतिरिक्त) से राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में भाग लिया हो, इसमें भाग नहीं ले सकेगा।

(इ) जो खिलाड़ी किसी भी राज्य, भारतीय खेल प्राधिकरण या किसी भी अन्य संस्था जैसे टाटा एकाडेमी, तीरन्दाजी संघ आदि द्वारा चयनित या खेल छात्रावास में प्रशिक्षण हेतु निवास करता हो, योग्य नहीं होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभा खोंज है।

(ई) कल्याण आश्रम संचालित विविध स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए प्रान्त स्तर पर चयन होने पर ही कोई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने योग्य होगा।

**तीरन्दाजी प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता भारतीय तीरन्दाजी संघ के नियमानुसार होगी। एक नियमपत्र संलग्न है। किसी भी वर्ग में चार खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चारों को उस वर्ग में खेलना होगा। उदाहरण के तौर पर सब-जुनियर वर्ग की टीम ४ खिलाड़ियों की होगी। इस टीम को ३० मीटर पर १२२ सेमी. के टार्गेट के लिए ३६ बाण तथा २० मीटर पर ८० सेमी.के टार्गेट के लिए ३६ बाण खेलने को मिलेंगे। कुल योग से पदक स्थान एवं टीम स्थान अधिकतम तीन खिलाड़ियों के प्राप्त अंक पर तय किया जायेगा। इसी प्रकार जुनियर वर्ग के लिए ४० मीटर पर १२२ सेमी.एवं ३० मीटर पर ८० सेमी. के टार्गेट होंगे। धनुष लकड़ी के हेन्डल के साथ बांस की पत्रियों की हो सकती है। और सभी चीजें लकड़ी/बांस की होनी चाहिए। चढ़ाने वाली स्ट्रिंग किसी भी चीज की हो सकती है। तीर भी लकड़ी/बांस का होगा तथा पंख एवं पीछे का नोक प्लास्टिक का हो सकता है।

❖ इस बर्ष से इण्डिया राऊण्ड में केबल टीम इवेन्ट ही होगा। अतः किसी भी प्रान्त को कमसे कम ३ तीरन्दाज भेजना ही है। १ या २ खिलाड़ि को प्रतियोगिता में भाग लेने नहीं दिया जायेगा।

**पोषाक :** मार्च पास्ट हेतु प्रान्त खिलाड़ियों की पोपाक एक ही रंग की होनी चाहिए।

❖ सभी खिलाड़ियों की जानकारी विस्तृत रुप से लाएँ। जन्मदिन/आयु प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएँ।

❖ उद्घाटन / समापन समारोह के समय प्रान्तीय झण्डे और मार्च-पास्ट की प्रान्तीय नामसह प्लेकार्ड केतन कोण्ड में उपलब्ध होंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम :** कार्यक्रम के दौरान दो दिन रात्रिको सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, अपने अपने प्रान्त को दर्शाने हेतु कार्यक्रम की तैयारी, वेश और वाद्ययन्त्र साथ लावें।

**रेलवे सम्बन्धित जानकारी :** रेलवे कॉन्सेशन मिलने पर भेजी जायेगी। रेलवे आरक्षण स्वयं को करवाना होगा।

कल्याण आश्रम के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता की योजना तैयार की गयी है। अगर कोइ विशेष बात/सूचना छूट गयी है तो कृपया हमसे सम्पर्क करें। आशा है आप सभी के सहयोग से अपने इस वर्ष की प्रतियोगिता सुसम्पन्न होगी।

दिनांक, सिलीगुड़ी
३० जुलाई, २०१०

आपका
शक्ति पद ठाकुर
अ. भा. क्रीड़ा प्रमुख
चलभाष- 09732367537